कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री कृष्ण स्वरूप शर्मा पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप शर्मा निवासी गली नंबर 9 अशोक विहार कॉलोनी, नारीशाला के पीछे, सुभाष नगर, वार्ड नंबर 29, अजमेर राज0 305001

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सैंथल/कुण्डल

अपील संख्या 30/2025

निर्णय

दिनांक 30.04.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सैथल से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सैंथल को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सैंथल को इस कार्यालय के पत्र कमांकःडीएम कोर्ट/2025/970 दिनांक 15.04.2025 द्वारा पत्र जारी कर अपीलांट को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार कुण्डल ने पत्र कमांकः आरटीआई/2025/05 दिनांक 24.4.2025 के द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना अपीलांट को भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 11:30:30 IST
Reason: SelfAttested